तापमान

अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

# हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, रविवार, 21 सितंबर 2025



13 एक्सरसाइज साइकिल के पैडल से बनेगी बिजली



14 कृषि मेला रबी में सीएम आज करेंगे प्रदेश के 42 किसानों...




## खबर संक्षेप

### शिव तत्व की खोज पर आधारित ध्यान सत्र आज

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 21 सितंबर को शिव तत्व की खोज पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में शिव तत्व के महत्व को भी स्पष्ट किया जाएगा। इस दौरान ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ध्यान की विभिन्न विधियों की जानकारी साझा करते हुए उनका अभ्यास भी करवाएंगे।

### कॉलेजियम डेलिगेट का चुनाव 5 अक्टूबर को

**हिसार।** हरियाणा पूर्व सैनिक संघ की हिसार जिला इकाई के कॉलेजियम नम्बर 36 से 44 तक के 9 डेलिगेट का चुनाव 5 अक्टूबर को करवाया जाएगा। इन डेलिगेटों के चुनाव के लिए अलग-अलग स्थानों पर पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। संघ के जिला प्रधान सूबेदार कृष्ण गोदारा ने बताया कि चुनाव के लिए रोहतक के सेवानिवृत कर्नल नरेश दहिया को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

### धोखाधड़ी में संलिप्त चौथा आरोपी किया गिरफ्तार

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मोबाइल फोन पर लिंक भेजकर कोस्टा अप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर 1 लाख 12 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी करने वाले चौथे आरोपी पंजाब के जिले खन्ना आनंद नगर निवासी मलन लाल को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने दो गांवों में चलाया सर्च अभियान

**हांसी।** नशा तस्करों को पकड़ने व नशीले पदार्थों की बरामदगी के लिए स्पेशल स्टाफ पुलिस ने शुक्रवार शाम को सांय 5 से रात 8 बजे तक नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए थाना सदर क्षेत्र गांव कंवारी व उमरा में डॉग स्क्वाड टीम के साथ सर्च ऑपरेशन के तहत संदिग्ध स्थानों सहित अनेक जगहों पर जांच की। एएसआई सुरजमल ने बताया कि इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला न रहता हो।

### उल्लंघन करने पर नगर निगम ने किए 7 चालान

**हिसार।** हरियाणा के स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम सफाई ही नहीं, बल्कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई भी कर रहा है। शनिवार को नगर निगम की टीम ने बालसमंद रोड, ओल्ड कोर्ट कॉम्प्लेक्स और बस स्टैंड क्षेत्र में निरीक्षण किया, जिसमें कुल 7 लोगों को स्वच्छता मानकों का पालन न करने पर जुर्माना किया गया

### नशा मुक्ति को लेकर चलाया विशेष अभियान

**हिसार।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत तोशाम रोड आईटीआई में नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई गई, ताकि युवा वर्ग समाज को नशा मुक्त बनाने में अपनी सशक्त भूमिका निभा सके। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में हिसार पुलिस द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

### नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** अंकुश फाउंडेशन द्वारा सरकारी कॉलेज नलवा तथा सरकारी मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल नलवा में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के एडीजीपी कार्यालय के पीआरओ एसआई सज्जन सिंह मुख्य वक्ता उपस्थित रहे।

### एयर शो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे शिरकत

# एयर शो की फाइनल रिहर्सल, लोगों में दिख रहा उत्साह, फिनाले आज

- 9 विमान 5 मीटर से भी कम की दूरी पर भरेंगे उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा परिसर में एयर शो को लेकर शनिवार को भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम ने फाइनल रिहर्सल की। सुबह करीब सवा दस बजे सूर्य किरण टीम 9 विमानों के साथ हिसार के आसमान में दिखाई दी। विमानों की तेज गर्जना से पूरा शहर समेत आसपास के गांव गूंज उठे। जीओसी डॉट डिवीजन तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले एयर शो की फाइनल रिहर्सल के दौरान सूर्य किरण टीम द्वारा दिखाए गए हैरतअंगेज करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिहर्सल में बडी संख्या में हिसार वासियों के अलावा सेना छावनी के सैनिक, अधिकारी, उनके परिजन, आर्मी पब्लिक स्कूल और एनसीसी के बच्चे उत्साहपूर्वक इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम का आनंद लेने के बाद सभी दर्शक बहुत रोमांचित और प्रसन्नचित्त होकर अपने-अपने घरों को लौटे। रविवार को फिनाले शो होगा, जिसमें 9 विमान 5 मीटर से भी कम की दूरी पर उड़ान भरेंगे और हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे।



**हिसार।** एयर शो की तैयारियों की समीक्षा करते उपायुक्त अनीश यादव, साथ में हैं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन। *फोटो: हरिभूमि*



**हिसार।** फाइनल रिहर्सल में करतब दिखाते वायु सेना की सूर्य किरण टीम के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### एयर शो टीम में चार सदस्य हरियाणा से

एयर शो टीम से जुड़े कई ऑफिसर हरियाणा की मिट्टी से ही जन्मे हैं। स्क्वाड्रन लीडर जगदीप दहिया हिसार में ही जन्मे हैं और यहीं पर उनकी पढ़ाई हुई। उनके अलावा टेक्निकल टीम में तीन ऑफिसर है और तीनों ही हरियाणा से है। विंग कमांडर अभिमन्यु त्यागी जिला पानीपत, स्क्वाड्रन लीडर संदीप जिला चरखी दादरी और फ्लाइट लेफ्टिनेंट मिनल रोहतक से है।

#### टीम को मिलता है 6-8 महीने का कड़ा प्रशिक्षण

सूर्य किरण टीम की कॉमेंटेटर एवं फ्लाइट लेफ्टिनेंट कंवल संधु ने बताया कि एयर शो में शामिल टीम छह से आठ महीने कड़ा प्रशिक्षण लेती है। प्रशिक्षण में ट्रैंड होने के बाद ही देश के अलग-अलग शहरों में यह टीमें एयर शो करने जाती है। सूर्य किरण टीम को शो सितंबर महीने में शुरू होते हैं और छह महीने तक देश के अलग-अलग शहरों में एयर शो का प्रदर्शन करते हैं। एयर शो का मकसद देश के युवाओं को प्रेरणा देना, ताकि वे भी इंडियन फोर्स ज्वाइन कर देश का नाम रोशन करें।

#### एयरपोर्ट पर व्यापक प्रबंध किए: डीसी

*फाइनल रिहर्सल के उपरांत रविवार को होने वाले सूर्य किरण एयर शो को लेकर उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक सावन, जीओसी डॉट डिवीजन और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यापक चर्चा की, ताकि एयर शो को भव्य स्वरूप दिया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के दौरान रविवार को भी वायुसेना के विमान आसमान में रोमांचक करतब दिखाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।*

**सीएम सैनी के हिसार दौरे के दृष्टिगत जिले में धारा-163 रहेगी लागू**

*हिसार। जिलाधीश अनीश यादव ने 21 सितंबर को हरियाणा कृषि विवि गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे क्षेत्र को सुरक्षा के दृष्टिगत रेड जोन घोषित कर धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। बताया कि महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर एयर शो, हकृवि में कृषि मेले व गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विविं में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर यह आदेश लागू किए गए हैं।*



**हांसी।** अस्पताल में उपचाराधीन पीड़िता रुबी। *फोटो: हरिभूमि*

### 3 महीने में 6-7 बार कर चुके हैं मारपीट

# पति व ससुर ने विवाहिता को लाठी-डंडों से पीटा

- उपचाराधीन महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

नारनौंद उपमंडल के गांव खेड़ा रांगड़ान में विवाहित 30 वर्षीय रुबी के साथ दहेज के लिए पति व ससुर द्वारा लाठी व लोहे की रॉड से मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट में घायल महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसके द्वारा सहायता के लिए पुलिस को फोन किए जाने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया। पुलिस ने विवाहिता रुबी के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल महिला के अनुसार उसकी शादी अक्टूबर 2023 में नारनौंद क्षेत्र के गांव खेड़ा रांगड़ान में हुई थी।

#### विवाहिता का आरोप

विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़िता का एक वर्षीय बेटा भी है। नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान रुबी ने बताया कि शुक्रवार को वह छत पर बने अपने कमरे में थी कि इसी दौरान उसका पति एक वर्षीय बेटे को लेकर उपर आया और उसने कहा कि इसने नीचे पोटी कर दी थी है इसे तथा नीचे की पोटी को साफ कर देना। रुबी ने बताया कि वह बाथरूम में अपने बेटे की पोटी को साफ कर रही थी कि इसी दौरान उसका पति उसके पास आया और उसे घसीटते हुए कमरे में ले गया और कहने लगा कि मैंने कहा था नीचे आकर पोटी साफ कर देना तो अभी तक नीचे क्यों नहीं आई। जिस पर उसने कहा कि वह अभी बेटे की साफ कर रही थी तो उसने पास पड़ी एक लाठी से उसे पीटना शुरू कर दिया। उसके चिल्लाने पर उसका ससुर उपर आया तो मैंने उससे बचाने गुहार उसने मुझे कमरे के अंदर धकेल दिया।

# जलभराव बना लोगों की मुसीबत

- मंत्री को दो बार शिकायत के बाद भी नहीं मिली जलभराव से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

नए बस अड्डे की पुरानी बिल्डिंग के पीछे वाले क्षेत्र में अभी भी बारिश का पानी खड़ा हुआ है। इसके चलते मंडी मार्ग के दुकानदारों में संबंधित विभाग के प्रति काफी रोष पनप रहा है। दुकानदार सत्यवान, कपिश, दीपक, आशीष, सतीश, अभिषेक, मोहन, बन्टी पठनेजा व गौरव आदि ने बताया कि नए बस अड्डे की पुरानी बिल्डिंग के पीछे मंडी रोड की तरफ वाले क्षेत्र में बारिश का पानी अभी भी खड़ा हुआ है।



**बरवाला।** नए बस अड्डे की पुरानी बिल्डिंग के पीछे खड़ा बारिश का पानी।

#### दो बार कर चुके शिकायत

बारिश के पानी की निकासी करवाए जाने की मांग को लेकर इन दुकानदारों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री को दो बार शिकायतें दी जा चुकी है। परंतु बारिश के पानी की निकासी अभी तक नहीं हुई है।

# रेलवे ओवरब्रिज से पहले अंडरपास बनाने की मांग

- ओवरब्रिज निर्माण की सुस्त चाल से दुकानदारों के धंधे चौपट
- उजड़ जाएंगे तो ओवरब्रिज किस काम का : बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना



**उकलाना।** ओवरब्रिज से पहले अंडरपास बनाने की मांग करते क्षेत्रवासी। *फोटो: हरिभूमि*

सिरसा-चंडीगढ़ पर रोड पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की सुस्त चाल को लेकर आसपास के दुकानदारों तथा क्षेत्रवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है। शनिवार को एरिया के दुकानदार एकत्रित हुए और ओवरब्रिज से पहले अंडरपास बनाने की मांग उठाई। दुकानदारों का कहना है कि पिछले 2 साल से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। इस कारण ओवरब्रिज के साथ-साथ लगती दुकानों पर काम धंधे बिल्कुल चौपट हो चुके हैं। ओवरब्रिज निर्माण की धीमी चाल के कारण मंडी में भी काम पर असर पड़ने लगा है। सर्व व्यापार मंडल के प्रधान महेश बंसल ने कहा कि मंडी जब उजड़ जाएगी तो इस रेलवे ओवरब्रिज किस काम आएगा? रेलवे पुल बनने का 2 साल का समय गुजर चुका है।

लोगों के रोजगार समाप्त हो चुके हैं। हालत इतनी खराब हो चुकी है कि किराया देने तक में दुकानदार सक्षम नहीं। ओवरब्रिज से पहले अंडरपास का निर्माण हो तो जनता का आवागमन में सुविध रहेगी। क्षेत्रवासी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि अंडरपास बनेगा तो रोजगार व लोगों की रोजी-रोटी बनी रहेगी। इस दौरान प्रेम सिंह, जय सिंह गोदारा, भजनलाल, राकेश चावला, सुनील कुमार, पवन वर्मा आदि रहे।

# हरियाणा सरकार देगी महिलाओं को 2100 रु. प्रतिमाह, 25 सितंबर से होगा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ

- इच्छुक महिलाएं अपने घर पर ही मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती है
- आवेदन के लिए परिवार की आया एक लाख या उससे कम हो

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। आगामी 25 सितंबर को प्रदेश में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की जाएगी। इसके माध्यम से पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये का आर्थिक लाभ मिलेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा ने बताया कि योजना का शुभारंभ जिले में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा द्वारा किया जाएगा। 25 सितंबर को प्रातः 11 बजे वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में मोबाइल एप लांच की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी आयु 23 से 60 वर्ष के बीच है और जिन परिवारों की सालाना आय एक लाख रुपये या उससे कम है।

#### आवेदन की यह है प्रक्रिया

आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह सरल और पारदर्शी होगी। इच्छुक महिलाएं अपने घर पर ही मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं ने अभी तक रिहायशी प्रमाण पत्र नहीं बनवाया है, वे शीघ्र बनवा लें ताकि आवेदन करने में किसी प्रकार की समस्या न हो।

# बधाई मांगने के विवाद में किन्नरों के दो गुट भिड़े

- किन्नरों ने सड़क के बीचोंबीच अपने कपड़े उतार किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

कैमरी रोड पर एक ही एरिया में बधाई लेने को लेकर किन्नरों के दो गुटों में भिड़त हो गए। इसमें दो 2 किन्नर घायल हो गए। इस दौरान गुस्साए किन्नरों के एक गुट ने सड़क पर जमकर हंगामा किया और अपने कपड़े उतार दिए। सूचना मिलते ही आजाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किन्नरों को शांत कराया। घायलों की पहचान स्वीटी और रेनू के रूप में हुई है। उनका आरोप है कि एरिया के विवाद में 4-5 गाड़ियों में आए दूसरे गुट ने उन पर हमला किया है। मारपीट के अलावा उनकी गाड़ी के शीशे भी तोड़े गए।

#### यह था मामला

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्वीटी गुट के किन्नर कैमरी रोड पर दुकानदारों से दिवाली की बधाई मांग रहे थे। इसी दौरान दिवाली की बधाई मांग रहे गंगवा गांव के बिल्लो रानी गुट से इनका आमना सामना हो गया। दोनों गुटों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। सड़क के बीचोंबीच जमकर हंगामा शुरू हो गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हंगामे कर रहे कुछ किन्नरों ने सड़क पर ही अपने कपड़े उतार दिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले का शांत करवाया। दोनों पक्षों को थाना में बुलाया गया है।

**विकास की बात** सड़कों के निर्माण के लिए सरकार की ओर से 4827 करोड़ का बजट निर्धारित

# 9 हजार 410 किलोमीटर की 4227 सड़कों के निर्माण कार्यों का सीएम आज करेंगे शुभारंभ

- मुख्यमंत्री की ओर हरी झंडी मिलते ही निर्माण कार्य हो जाएगा शुरू: मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

प्रादेशिक सड़क उत्थान योजना के तहत 21 सितंबर को राज्य की 9 हजार 410 किलोमीटर की 4227 सडक़ों की कार्पेटिंग/निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण के लिए सरकार की ओर से 4827 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि रविवार को गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सुबह 10 बजे से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सड़कों की कार्पेटिंग/निर्माण कार्यों का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से हरी झंडी मिलते ही प्रदेश के विभिन्न जिलों की 110 सड़कों का निर्माण कार्य एक साथ शुरू हो जाएगा। इनमें अम्बाला जिले की 09 , झज्जर जिले 04, भिवानी 08, जींद की 06, चरखी दादरी की 04, कैथल की 06, फरीदाबाद की 04, करनाल की 03, फतेहाबाद की 04, कुरुक्षेत्र की 08, गुरुग्राम की 05, हिसार की 04, नूंह की 04, पलवल की 06, पंचकूला की 02, पानीपत की 04, रेवाड़ी की 04, रोहतक की 09, सिरसा की 04, सोनीपत की 05, यमुनानगर की 03 तथा महेंद्रगढ़ जिले की 4 सडक़ों का निर्माण कार्य शामिल है।



रणबीर गंगवा, कैबिनेट मंत्री।

#### यहां होंगे निर्माण

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की 2285 के अलावा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 549, शहरी स्थानीय निकाय विभाग की 347, पंचायती राज की 276, एग्रीकल्चर मार्किटिंग बोर्ड की 498 तथा एचएसआइआइडीसी की 272 सडकों के निर्माण कार्य आगामी दिनों में पूरे किए जाएगे। रविवार को जिन सडक़ों के निर्माण कार्यों का लोकार्पण होगा, उनमें वे 110 सड़कें शामिल है जिनके टेंडर होने उपरांत वर्क अलॉट हो चुके है।

# सोना व नकदी चुराने का आरोपी गिरफ्तार

- चोरीशुदा चेन बरामद, अदालत ने आरोपी को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने ज्वैलरी शोरूम से लाखों रुपये की ज्वैलरी व नकदी चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ज्वैलरी शोरूम के अकांउटेंट रहे विकास उर्फ हिमांशु निवासी जिंदल लेबर कॉलोनी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के काबू से चोरीशुदा 61.6 ग्राम सोने की चेन बरामद की है। आरोपी को पूछताछ उपरांत अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजयपाल ने बताया कि मोरी गेट निवासी साहिल गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पीएलए मार्केट के सामने उसका नेहा ज्वैलर्स नाम से शोरूम है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी विकास।



# 500 रुपये के निवेश से भी बना सकते हैं लाखों रुपये का फंड

सुझाव | बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या करना चाहते हैं तो निवेश की जल्द शुरूआत करें। आप कम पैसे से भी अच्छा खासा पैसा जोड़ सकते हैं। निवेश की सधे कदमों से शुरूआत करें, लक्ष्य तय करें और निवेश को बढ़ाते जाएं। इससे आप कुछ ही समय में अमीर बन जाएंगे और भविष्य में पैसे के लिए किसी का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इन दिनों निवेश के कई ऑप्शन बाजार में मौजूद हैं। लेकिन आप कम पैसे से निवेश की शुरूआत करने जा रहे हैं तो आपके लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यहां आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा निवेश कर काफी अच्छा फंड जोड़ सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि 500 रुपये निवेश करके आप कितना फंड जोड़ सकते हैं और किस तरह से अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं।

### यह जानना जरूरी

हर व्यक्ति को अपनी मंथली सैलरी का कुछ हिस्सा बचाकर निवेश जरूर करना चाहिए। आपकी सैलरी चाहे कम हो या ज्यादा निवेश करना बहुत ही जरूरी होता है। आजकल लोग निवेश करने के लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी को काफी पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी की खास बात यह है कि यहां आप हर महीने थोड़ा थोड़ा निवेश कर काफी अच्छी फंड इकट्ठा कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी के बारे में निवेश से पहले जान लिया जाना चाहिए। इससे आपको परेशानी नहीं होगी।




### म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश

म्यूचुअल फंड में आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यहां आपको हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करनी होती है। खास बात यह है कि म्यूचुअल फंड एसआईपी में आप मात्र 250 रुपये से अपना निवेश शुरू कर सकते हैं और लंबे समय तक निवेश कर आप काफी अच्छा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। आपके पास पैस बढ़ तो आप एसआईपी में निवेश बढ़ा भी सकते हैं। रिटर्न की बात करें तो म्यूचुअल फंड एसआईपी में औसतन 12 से 16 प्रतिशत की दर से रिटर्न मिलता है। हालांकि मार्केट के हिसाब से यह रिटर्न घट या बढ़ भी सकता है।

### 500 रु. की एसआईपी में रिटर्न

अगर आप हर महीने 500 रुपये म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करते हैं और आप ऐसा 25 सालों तक करते हैं, तो आप 25 साल में कुल 1.50 लाख रुपये निवेश करेंगे। 12 प्रतिशत के हिसाब से आपको कुल 8.51 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें केवल 7.01 लाख रुपये आपके मुनाफे के होंगे। अगर आपके 15 प्रतिशत के हिसाब से रिटर्न मिलता है, तो आपको 25 साल बाद कुल 13.78 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें 12.28 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

### टॉप-अप एसआईपी में रिटर्न

नॉर्मल एसआईपी के अलावा आप टॉप-अप एसआईपी के जरिए भी निवेश कर सकते हैं. यहां आपको हर साल अपने निवेश के 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होता है। ऐसे में अगर आप टॉप-अप एसआईपी में 500 रुपये से अपना निवेश शुरू करते हैं और 25 सालों तक निवेश जारी रखते हैं, तो आप कुल 5.90 लाख रुपये निवेश करेंगे, जिसके बाद आपको कुल 19.67 लाख रुपये मिलेंगे, जिसमें केवल 13.77 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।



## अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से उठा सकते हैं ज्यादा फायदा

# म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में 3 बड़े अंतर, कहां करें निवेश

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

**निवेश में नए हैं तो रेगुलर प्लान लग सकता है काफी आसान सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में**

*अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या है और इनके फायदे-नुकसान क्या है। सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं।*

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के सामने अक्सर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि उन्हें डायरेक्ट प्लान चुनना चाहिए या फिर रेगुलर प्लान। दोनों ही रास्ते एक ही स्कीम तक पहुंचाते हैं, लेकिन इनके बीच कुछ ऐसे फर्क हैं जो आपके रिटर्न और इनवेस्टमेंट से जुड़े तजुर्बे को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं। अगर आप निवेश में नए हैं तो शायद रेगुलर प्लान आपको आसान लगे, वहीं अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं।

### खर्च और रिटर्न का फर्क

सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं। इनमें किसी बिचौलिये या ब्रोकरेज की जरूरत नहीं होती। यही वजह है कि डायरेक्ट प्लान का एक्सपेंस रेशियो कम रहता है। आम तौर पर यह 0.5% से 1% के बीच ही होता है। दूसरी तरफ रेगुलर म्यूचुअल फंड में डिस्ट्रीब्यूटर या ब्रोकर की फीस भी जुड़ जाती है। इस वजह से इनका एक्सपेंस रेशियो 1% से 2.5% तक जा सकता है। यह अंतर भले ही सुनने में छोटा लगे, लेकिन लंबे समय में कंपाउंडिंग की वजह से यह आपके रिटर्न को काफी कम कर देता है। यही कारण है कि डायरेक्ट प्लान लंबे समय में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, क्योंकि आपकी जेब से फीस और कमीशन पर कम पैसा कटता है।



### निवेश करने और उसे मैनेज करने का तरीका

डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में अगला बड़ा फर्क इनमें निवेश करने और मैनेज करने के तरीके का फर्क है। डायरेक्ट प्लान आपको एएमसी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या कुछ ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म पर ही मिलते हैं. यहां निवेशक को इनवेस्टमेंट से जुड़े सारे ट्रांजैक्शन खुद ही संभालने पड़ते हैं।

### रेगुलर प्लान में ये

रेगुलर प्लान में इन बातों की जिम्मेदारी काफी हद तक ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर संभालते हैं। वे न सिर्फ निवेश की प्रक्रिया से जुड़े पेपरवर्क और प्रोसेस को पूरा करना आसान बनाते हैं। इसलिए यह तरीका उन निवेशकों के लिए सुविधाजनक रहता है, जो नए हैं या इन चीजों के लिए समय नहीं निकाल पाते। हालांकि इस सुविधा के बदले आपको ज्यादा फीस चुकानी पड़ती है।

### सलाहकार की भूमिका

तीसरा बड़ा अंतर इस बात से जुड़ा है कि आपको निवेश में कितनी सलाह और मदद चाहिए। अगर आप निवेश की दुनिया में नए हैं और म्यूचुअल फंड चुनने में कंफ्यूज हो जाते हैं, तो रेगुलर प्लान आपके लिए बेहतर हो सकता है। यहां आपको ब्रोकर या फाइनेंशियल एडवाइजर की सलाह मिलती है, जो आपकी जरूरत और रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से स्कीम चुनने में मदद कर सकते हैं।

### ऐसे समझना जरूरी

यह समझना जरूरी है कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड एक ही स्कीम में निवेश करते हैं, फर्क सिर्फ इनके खर्च, मैनेजमेंट और निवेश से जुड़ी सुविधा में है। डायरेक्ट प्लान उन निवेशकों के लिए सही हैं जो कम लागत में बेहतर रिटर्न चाहते हैं और निवेश से जुड़ी प्रॉसेस को खुद संभाल सकते हैं। वहीं रेगुलर प्लान उन लोगों के लिए बेहतर हैं जिन्हें निवेश की प्रक्रिया को आसान रखना है और प्रोफेशनल सपोर्ट की जरूरत महसूस होती है।

### म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में अंतर

म्यूचुअल फंड डायरेक्ट

- **एक्सपेंस रेशियो** : कम, क्योंकि इसमें ब्रोकर/डिस्ट्रीब्यूटर का कमीशन नहीं जुड़ता।
- **रिटर्न** : लंबे समय में ज्यादा रिटर्न, खर्च कम होने के कारण
- **निवेश का तरीका** : सीधे एएमसी की वेबसाइट, ऐप या ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म से
- **निवेश का मैनेजमेंट** : निवेशक को खुद रिसर्च और मैनेजमेंट करना होता है
- **किसके लिए बेहतर** : अनुभवी निवेशकों के लिए

### प्लान म्यूचुअल फंड रेगुलर प्लान

- **एक्सपेंस रेशियो** : ज्यादा, क्योंकि इसमें कमीशन शामिल होता है
- रिटर्न थोड़ा कम, क्योंकि फीस और कमीशन कटता है
- **निवेश का तरीका** : ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए

**एफडी में पैसे लगाना निवेश का सबसे आसान तरीका, एफडी में निवेश कर आप काफी अच्छा रिटर्न पा सकते**

**रिटायरमेंट तक लाखों का फंड भी जोड़ सकते हैं**

# सुरक्षित तरीके से बनाएं लाखों का फंड, एफडी में जरूर करें निवेश

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*एफडी में पैसों को निवेश करने पर पैसों के खो जाने का कोई डर नहीं होता है। ऐसे में सुरक्षित निवेश के लिए एफडी बेस्ट ऑप्शन है। इसमें कोई भी निवेश कर सकता है और अपने लिए फंड जोड़ सकता है।*

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी के बारे में तो आप जानते ही होंगे। एफडी हमेशा से ही पैसों को निवेश करने के लिए लोगों के बीच लोकप्रिय है और सुरक्षित तरीका होता है। फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी में निवेशकों को एक निश्चित अवधि के लिए अपना पैसा निवेश करना होता है। इस अवधि के दौरान निवेशकों को एक फिक्स्ड ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। ऐसे में अगर आप भी अपने पैसों को निवेश करना चाहते हैं, तो आपको एफडी में अपने पैसों को जरूर निवेश करना चाहिए एफडी में लंबे समय तक निवेश करके आप लाखों रुपये का मुनाफा कमा सकते हैं। एफडी में भले की ब्याज कुछ मिलता है लेकिन पैसों का कोई खतरा नहीं होता। आप थोड़ा थोड़ा करके आसानी से अच्छा पैसा जोड़ सकते हैं जो बुढ़ापे में या आपके बच्चों की पढ़ाई में या फिर उनकी शादी के समय में आपके काफी काम आ सकता है। अगर आपने अभी तक किसी भी एफडी में अपने पैसों का निवेश नहीं किया है, तो आज हम आपको एफडी में निवेश करने के कई फायदों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें जानकर आप एफडी में निवेश जरूर करेंगे।

### एफडी में निश्चित रिटर्न

एफडी में मिलने वाला रिटर्न पहले से ही फिक्स्ड होता है। ऐसे में आप मिलने वाले रिटर्न के हिसाब से अपनी आगे की प्लानिंग कर सकते हैं। एफडी का रिटर्न निवेश करने के बाद कम या ज्यादा नहीं होता है और आपके पैसे के खोने का डर भी नहीं लगता। इसे समय से पहले भी जरूरत पड़ने पर भुनाया जा सकता है।




### एफडी में अच्छा रिटर्न

एफडी में सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के साथ साथ अच्छा रिटर्न भी मिलता है। कई बैंक अपनी एफडी पर काफी अच्छा रिटर्न देते हैं। इसके अलावा एनबीएफसी की एफडी में आप 9 प्रतिशत की दर से भी रिटर्न पा सकते हैं। इतना ही नहीं सीनियर सिटीजन को एफडी में अधिक ब्याज का लाभ मिलता है। आप अपने माता-पिता के नाम पर भी एफडी करवा सकते हैं और अधिक रिटर्न पा सकते हैं।

### छोटी से लेकर लंबी अवधि

एफडी में आप छोटी से लेकर लंबी अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। इसमें आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। खास बात यह कि एफडी का समय पूरा होते ही पैसा अपने आप आपके खाते में आ जाता है। कई बैंक और फाइनेंशियल कंपनियां एफडी पर लोन की सुविधा भी देती हैं। ऐसे में निवेशक मुश्किल समय में पैसों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### एफडी में टैक्स छूट

एफडी में निवेश करके टैक्स छूट का लाभ ले सकते हैं। यह छूट इनकम टैक्स के सेक्शन 80सी के तहत मिलती है, जिसके तहत आप 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश कर 1.50 लाख रुपये तक की टैक्स छूट पास सकते हैं।

### स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी दरें

- सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.50% तक ब्याज देता है, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.00% और 5 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- जना स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.25% से 8.00%, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 6.00% से 8.50% तक ब्याज देता है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 9.10% तक ब्याज मिलता है।

### प्राइवेट बैंकों में एफडी दरें

- आरबीएल बैंक: 1 साल की एफडी पर 7.00% से 7.20% तक ब्याज देता है।
- यस बैंक: 1 साल में 6.75% से 7.00% ब्याज
- इंडसइंड बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.75% से 7.00% तक ब्याज देता है।
- आईसीआईसीआई बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.50% तक ब्याज देता है।

### सरकारी बैंकों में एफडी दरें

- बैंक ऑफ बड़ौदा: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- पंजाब नेशनल बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- एसबीआई : 1 साल की एफडी पर 6.45% तक ब्याज देता है।



# हाइएस्ट एसेट वाले 5 लार्जकैप फंड्स ने 25% तक दिया सालाना रिटर्न

बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए लार्ज कैप फंड्स को स्मॉल कैप या मिड कैप की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद ऑप्शन माना जाता हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लार्ज कैप फंड देश की टॉप और मजबूत कंपनियों में निवेश करते हैं, जिसकी वजह से लंबे समय में इनका रिस्क थोड़ा कम रहता है और स्टेबल रिटर्न मिलने की उम्मीद भी रहती है। एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के लिहाज से इस वक्त देश के टॉप 5 लार्ज कैप फंड्स में एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू. निप्पॉन इंडिया और मिरे एसेट की स्कीम्स शामिल हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के 12 सितंबर 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक इन फंड्स ने पिछले 5 सालों में 18% से 25% तक एनुअल रिटर्न दिया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड इस समय सबसे ज्यादा एसेट वाला लार्ज कैप फंड है। इसका एयूएम करीब 73,731 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड ने डायरेक्ट प्लान से 22.32% और रेगुलर प्लान से 21.60% का सालाना रिटर्न दिया है. खर्च के मामले में इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.86% और रेगुलर प्लान में 1.42% है। लगातार मजबूत परफॉर्मेंस ने इसे निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है।

### एसबीआई लार्ज कैप फंड

एसबीआई लार्ज कैप फंड का एयूएम 53,887 करोड़ रुपये है. इस फंड ने पिछले 5 सालों में डायरेक्ट प्लान से 19.93% और रेगुलर प्लान से 19.07% सालाना रिटर्न दिया है. इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.81% और रेगुलर प्लान में 1.49% है।

### निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड

निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड का एयूएम 46,628 करोड़ रुपये है. पिछले परफॉर्मेंस के मामले में यह सबसे आगे रहा है. पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 25.55% और रेगुलर प्लान ने 24.50% की दर से सालाना रिटर्न दिया है। एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.69% और रेगुलर प्लान में 1.51% है। हाई रिटर्न की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच काफी पॉपुलर बना हुआ है।

### मिरे एसेट लार्ज कैप फंड

मिरे एसेट लार्ज कैप फंड का एयूएम 40,510 करोड़ रुपये है। इस फंड का 5 साल का सालाना रिटर्न डायरेक्ट प्लान में 18.06% और रेगुलर प्लान में 16.87% रहा है। खर्च की बात करें तो इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.55% और रेगुलर प्लान में 1.52% है. डायरेक्ट प्लान का लो एक्सपेंस रेशियो इसकी खास बात है।

### एचडीएफसी लार्ज कैप फंड

एचडीएफसी लार्ज कैप फंड का एयूएम 38,689 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 21.87% और रेगुलर प्लान ने 21.15% के हिसाब से सालाना रिटर्न दिया है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.99% और रेगुलर प्लान में 1.60% है। मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड और भरोसेमंद ब्रांड वैल्यू की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना हुआ है।

# दिवाली पर सोना चमका सकता है किस्मत, कर सकते हैं निवेश

सुझाव | बिजनेस डेस्क

इस दिवाली पर आप भी अपनी किस्मत चमका सकते हैं, लेकिन आपको अपना लक्ष्य लेकर चलना होगा। पहले यह देखें कि निवेश के लिए क्या सही है। हालांकि वर्ष 2010 से अब तक देखा जाए तो सोने ने सबसे अधिक रिटर्न दिया है। 2010 से दिवाली-दर-दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से कहीं आगे रहा है। इस अवधि में किया गया 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदल गया। वहीं, इस अवधि में निफ्टी 50 का रिटर्न 3.72 लाख रुपये रहा है। पिछले वर्ष के दौरान सोने के बेहतर प्रदर्शन ने सभी निवेशकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जबकि दलाल स्ट्रीट के कमजोर प्रदर्शन ने निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर कर दिया है और इक्विटी मार्केट के शॉर्ट आउटलुक को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, त्यौहारी सीजन के करीब आने के साथ ही मनीकंट्रोल ने 2010 से हर दिवाली पर सोने और इक्विटी के रिटर्न का विश्लेषण किया है।

**2010 से दिवाली दर दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से आगे रहा**

## 2010 से अब तक 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदला

**विश्लेषण में यह खुलासा**

इस विश्लेषण से पता चलता है कि इक्विटी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार तेजी देखने को मिली। वहीं, सोने में काफी वोलैटिलिटी देखने को मिली है। इस अवधि में गोल्ड में लंबे समय तक सुस्त प्रदर्शन देखने को मिला है फिर इसकी कीमतों में तेज उछाल भी देखने को मिला है। यदि किसी निवेशक ने 2010 से प्रत्येक दिवाली पर निफ्टी 50 के साथ-साथ सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया होता, तो आज इसके बिल्कुल अलग-अलग होते।

### सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर

अगर 2010 से हर दिवाली पर सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया गया होता तो शेयरों की तुलना में बेहतर रिटर्न देखने को मिलता। सोने में इस सिस्टेमेटिक सालाना निवेश से 1.5 लाख रुपये का निवेश इस अवधि में 4.47 लाख रुपये में बदल जाता। वहीं, इक्विटी में किया गया 10,000 रुपये का सालाना निवेश आज की तारीख में 3.72 लाख रुपये ही हुआ होता। इसका मतलब यह है कि 2010 से हर साल 10,000 रुपये का निवेश करने से सोने का प्रदर्शन निफ्टी से बेहतर होता, जो निवेश में 4.5 गुना की बढ़त करता, जबकि निफ्टी में 15 सालों में 3.7 गुना की ही बढ़ोतरी हासिल करता। हालांकि, अगर किसी निवेशक ने पिछले 15 सालों के बाद अपनी निवेश यात्रा शुरू की है और पिछले 5 सालों में हर दिवाली पर सोने और शेयरों में पूंजी लगाने का फैसला किया है, तो भी सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर रहा होता।

### सोने की सालाना ग्रोथ 15.1% रही

पिछले 5 सालों में दिवाली-दर-दिवाली सोने की कमतों में सालाना (सीएजीआर) 16.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ रेट 13.8 प्रतिशत रही है। अगर पिछले दस सालों के दोनों के अंतर को देखें,तो यह अंतर कम हो जाता है। इस अवधि में सोने की सालाना ग्रोथ 15.1 प्रतिशत रही है, जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ 12.3 प्रतिशत रही है। अगर किसी दूसरे साल भी दिवाली पर निफ्टी और गोल्ड में 10-10 हजार रुपए का निवेश किया गया होता तो नतीजे अलग-अलग होते और सोने का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर होता। अगर, 2010 में ये निवेश किया गया होता तो शेयरों किया गया ये निवेश 39,180 रुपये हो गया होता। जबकि आज सोने में की गई निवेश की कीमत 54,200 रुपये हो गई होती।

### ऐसे समझें रिटर्न का गणित

2015 में निफ्टी किए गए इतने निवेश का भाव इस समय 31,630 रुपये हो गया होता। जबकि सोने में किया गया ये निवेश 41,340 रुपये हो गया होता। अगर यही निवेश 2020 में हुआ होता तो दोनों असेट्स में अच्छा रिटर्न मिला होता। इस अवधि में निफ्टी में किया गया निवेश 19,370 रुपये होता। जबकि, सोने में किया गया निवेश थोड़ा बेहतर 20,980 रुपये पर रहा होता।

### मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा

- सोना अक्सर मुद्रास्फीति के खिलाफ एक अच्छा हेज माना जाता है। जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो सोने की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।
- विविधीकरणसोना एक विविध निवेश विकल्प है जो आपके पोर्टफोलियो को विविध बनाने में मदद कर सकता है। इससे जोखिम कम हो सकता है और रिटर्न बढ़ सकता है।
- आर्थिक अनिश्चितता के समय सुरक्षासोना अक्सर आर्थिक अनिश्चितता के समय एक सुरक्षित निवेश विकल्प माना जाता है। जब बाजार अस्थिर होते हैं, तो सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं।
- लंबी अवधि के लिए निवेशसोना एक लंबी अवधि के लिए निवेश विकल्प हो सकता है। सोने की कीमतें लंबी अवधि में बढ़ सकती हैं, जिससे आपको अच्छा रिटर्न मिल सकता है।
- भौतिक संपत्तिसोना एक भौतिक संपत्ति है जिसे आप अपने पास रख सकते हैं। इससे आपको एक सुरक्षित और ठोस निवेश विकल्प मिलता है।
- वैश्विक मांगसोने की वैश्विक मांग हमेशा बनी रहती है, जिससे इसकी कीमतें स्थिर रहती हैं।
- निवेश के विभिन्न विकल्पसोने में निवेश करने के विभिन्न विकल्प हैं, जैसे कि भौतिक सोना, सोने के बॉन्ड, सोने के म्यूचुअल फंड, और सोने के ईटीएफ ।

## खबर संक्षेप

### सरकार का तम्बाकू पर प्रतिबन्ध स्वागत योग्य



सुरेश गोयल।

**हिसार।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरेश गोयल धूप वाला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गुटखा, पान मसाला, तम्बाकू व खारा के निर्माण, बिक्री, भण्डारण और सेवन पर प्रतिबंध को एक वर्ष के लिए और बढ़ाना एक सराहनीय एवं स्वागत योग्य निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह सभी जानते हैं कि तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए घातक है तथा कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रमुख कारण है। सुरेश गोयल ने कहा कि सरकार की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है,।

### वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर दिया जागरूकता का संदेश

**हांसी।** सेवा पखवाड़ा के पांचवें दिन सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने, सड़क हादसों पर रोकथाम और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस द्वारा शनिवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी थाना प्रबन्धकों के नेतृत्व में हांसी पुलिस टीम ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में दोपहिया व चौपहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए।

### गांव की असली ताकत हमारा पशुधन : डॉ. खुराना

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में विस्तार शिक्षा निदेशालय और पशुपालन विभाग, हरियाणा के सौजन्य से रावलवास कलां गांव में "आपदा से अवसर की ओरः पशुपालन में बेहतर प्रबंधन से" विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

### हांसी में किया पौधरोपण एवं चलाया स्वच्छता अभियान

**हांसी।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पुलिस जिला हांसी में सेवा पखवाड़ा अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के नेतृत्व में जिले के सभी थानों और चौकियों में विशेष स्वच्छता एवं हरियाली अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर थाना प्रबन्धकों के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारियों ने मिलकर थानों व चौकियों में व्यापक सफाई अभियान चलाया और परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का कार्य किया।

### देवेंद्र सिंह बने खांडा खेड़ी ब्लॉक के प्रधान

**नारनौंद।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के खांडा खेड़ी ब्लॉक का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव की अध्यक्षता जिला एमपीएचएस हिसार प्रधान विकास संदलाना ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भाग लिया और नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। चुनाव में देवेंद्र सिंह को ब्लॉक प्रधान और राजेंद्र नागर को ब्लॉक सचिव चुना गया। इसके साथ ही अन्य पदों पर भी प्रतिनिधियों का चयन हुआ। कविता नेहरा वरिष्ठ उप प्रधान, दीपक मोहला उप प्रधान, पवन पेटवाड़ कैशियर, कवरजीत पेटवाड़ सह सचिव और अन्नू पूठ्ठी प्रेस सचिव चुने गए।

---

## गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के विद्यार्थियों की खास खोज

# एक्सरसाइज साइकिल के पैडल से बनेगी बिजली

### साइकिल से बिजली बनाकर हरित भविष्य की ओर एक कदम



**हिसार।** गुजवि में पेडल मारते ही बिजली पैदा करने वाली साइकिल के आविष्कार का अवलोकन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने एक अत्यंत रोचक व उपयोगी आविष्कार किया है। विद्यार्थियों ने एक ऐसी एक्सरसाइज साइकिल बनाई है, जिसके पेडल मारते ही बिजली बनेगी। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस आविष्कार के लिए विद्यार्थियों तथा उनके सुपरवाइजर डॉ. विजय पाल सिंह को बधाई दी है। इस आविष्कार से न केवल सेहत सुधारने में लाभ मिलेगा, साथ ही बिजली की कमी भी पूरी होगी। यह खोज पर्यावरण संरक्षण में भी उपयोगी होगी। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी इस आविष्कार को विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने वाला अविष्कार बताया। इस अविष्कार के सुपरवाइजर तथा इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (ईईई) विभाग के डॉ. विजय पाल सिंह ने बताया कि बीएससी योगा साइंस और थेरेपी के छात्र कार्निक सिंह इसकी अगुवाई कर रहे हैं, जिन्होंने यह आइडिया दिया। उनके साथ हैं इसी कोर्स से विशाल मानहास और बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन (ईसीई) के मोहित शामिल हैं। पलविंदर सिंह ने अल्टरनेटर को साइकिल के ढांचे के साथ वेल्डिंग और जोड़ने में तकनीकी मदद दी, जिससे यह प्रोटोटाइप मजबूत बना।

#### पुरानी कार के अल्टरनेटर का प्रयोग

इस साइकिल में पुरानी कार का अल्टरनेटर लगाया गया है, जो पेडल चलाने से बिजली पैदा करता है। यह बिजली बैटरी में जमा होती है, जिससे एक छोटा पंखा चलता है जो व्यायाम के दौरान ठंडी हवा देता है। इतना ही नहीं, यह बिजली कंप्यूटर के लिए यूपीएस बैटरी भी चार्ज कर सकती है। जिम में कई ऐसी साइकिलें मिलकर वहां के इनवर्टर को भी चार्ज कर सकती हैं।

#### आपदा वाले क्षेत्रों में काफी मददगार

आपदा वाले इलाकों में यह रेडियो या मेडिकल उपकरण चला सकती है। स्कूलों में बच्चे इसे चलाकर प्रोजेक्टर या कंप्यूटर के लिए बिजली बना सकते हैं। सोलर पैनल के साथ मिलकर यह घरों या खेतों में बिजली दे सकती है, जैसे पानी के छोटे पंप या वाई-फाई के लिए। शहरों में यह 'पेडल से चलने वाला वर्कस्टेशन' बन सकता है, जहां लोग काम के साथ बिजली बनाएं।

#### योग, तकनीक और हरित ऊर्जा का अनोखा मेल

*डॉ. सिंह ने कहा कि यह योग, तकनीक और हरी ऊर्जा का शानदार मेल है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने तारीफ की, यह साइकिल नई सोच का प्रतीक है, जो बिजली बचाने के साथ सेहत को भी बढ़ावा देती है। डा. विजय कुमार ने कहा कि यह सस्ता तरीका जिम से लेकर गांवों तक बदलाव ला सकता है। 2070 तक भारत के नेट-जीरो लक्ष्य में यह प्रोजेक्ट अहम हो सकता है। प्रदर्शनियों और बिजनेस की संभावना के साथ, यह देशभर में प्रेरणा देगा। इसीलिए प्रो. बिश्नोई ने कहा कि यह एक पेडल से उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है।*

#### साइकिल से बिजलीः कैसे होता है कमाल

इस प्रोजेक्ट में एक आम एक्सरसाइज साइकिल में कार का अल्टरनेटर पहिए से जोड़ा गया है। जब कोई पेडल मारता है, तो अल्टरनेटर का रोटर घूमकर बिजली बनाता है। यह बिजली बैटरी में जमा हो जाती है और तुरंत एक छोटा पंखा चला सकती है, जो गर्मी में ठंडी हवा देता है। यह सस्ता और आसान तरीका है, क्योंकि इसमें पुरानी कार के पुर्जे इस्तेमाल किए गए हैं। यह बिजली यूपीएस चार्ज कर सकती है, जो बिजली कटने पर कंप्यूटर चलाने में मदद करता है। जिम में कई साइकिलें मिलकर वहां की बिजली का खर्च बचा सकती हैं।

#### एक्सरसाइज करते- करते आया ख्याल

कार्निक सिंह ने बताया कि एक्सरसाइज साइकिल पर एक्सरसाइज करते वक्त मुझे ख्याल आया कि साइकिलिंग से बिजली बन सकती है। सुपरवाइजर डॉ. विजय पाल सिंह की मदद से हमने इसे सच कर दिखाया। एक घंटे की साइकिलिंग से 50-150 वाट बिजली बनती है, जो पंखे या बैटरी चार्ज करने के लिए काफी है। दुनियाभर के शोध बताते हैं कि ऐसी मशीनें 100 वाट-घंटे तक बिजली दे सकती हैं। जिम में ये साइकिलें बिजली बचाने का नया तरीका बन सकती हैं, जैसे लाइट या पंखे चलाने के लिए। गांवों में जहां बिजली बार-बार जाती है, यह मोबाइल, एलईडी बल्ब या छोटे पंप चार्ज कर सकती है।

---

## गुजवि में विशेष विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

# फार्मास्युटिकल बायोटेक्नोलॉजी अवधारणाएं और अनुप्रयोग



**हिसार।** विशेष व्याख्यान को संबोधित करती मुख्य वक्ता प्रो. रीमा गबरानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा 'फार्मास्युटिकल बायोटेक्नोलॉजी की अवधारणाएं और अनुप्रयोग' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सीआरएस सभागार में हुए इस व्याख्यान कार्यक्रम की मुख्य वक्ता फार्मास्युटिकल बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र की प्रसिद्ध विशेषज्ञ जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नोएडा (उत्तर प्रदेश) की प्रो. रीमा गबरानी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने की। प्रो. अनिल कुमार ने अपने संबोधन में अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग-प्रासंगिक ज्ञान और विशेषज्ञ दृष्टिकोण से परिचित कराना है, ताकि वे बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपना भविष्य संवार सकें। प्रो. गबरानी ने दवा विकास, वैक्सीन प्रौद्योगिकी, चिकित्सीय प्रोटीन और जैव-फार्मास्युटिकल नवाचारों में उपयोग किए जाने वाले अत्याधुनिक जैव-प्रौद्योगिकी दृष्टिकोणों पर केंद्रित एक व्यावहारिक और संवादात्मक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि फार्मास्युटिकल क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है तथा बायोटेक्नोलॉजी की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रो. विनोद छोकर और प्रो. नीरज दिलबागी ने भी अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर डॉ. सपना, डॉ. मंजू यादव, डॉ. अनीता रानी गिल, डॉ. खुशबू सेठी, डॉ. मीनाक्षी पाल, डॉ. राकेश यादव और डॉ. के.डी. रावत सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

---

# हिसार जेजेपी की जंबो कार्यकारिणी घोषित

- 60 पदाधिकारियों को सौंपी पार्टी संगठन में नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत में जिला पदाधिकारियों की सूची जारी करते जेजेपी जिलाध्यक्ष अमित बूरा, अनिल बालकिया व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

जननायक जनता पार्टी ने हिसार ने 60 नए पदाधिकारियों की जंबो लिस्ट जारी की है। इस सूची में नव नियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिलाध्यक्ष अमित बूरा व जिला प्रभारी अनिल बालकिया ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि जेजेपी लगातार संगठन को विस्तार देने व मजबूत करने की रणनीति पर एकजुट होकर काम कर रही है। इसी कड़ी में इतने बड़े स्तर पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें वरिष्ठ उपप्रधान पद के लिए शमशेर मात्रश्याम व मुंशीराम बेनीवाल, उपप्रधान पद पर अमरजीत मलिक, ईश्वर लौरा, राजपाल महला, सुभाष बेरवाल, श्रवण बागड़ी, होशियार सिंह, आशुतोष नायक, बलवंत घिराये, राजेश सरपंच, शमशेर ढुल, सतबीर मुगेरिया, सतबीर कसवां, सतपाल पानू, सहदेव सिहाग को नियुक्त किया गया है। प्रधान महासचिव जयसिंह राजली व महासचिव पद पर कृष्ण लितानी, सुरेश नंबरदार, ओमप्रकाश भेरिया, बलजीत सरपंच, पम्मी सरपंच, धर्मबीर खेड़ी, नरेश सहरावत, धर्मसिंह घोसला, रामानंद खटीक, मास्टर बलवान कुंडू, रामप्रकाश शर्मा, दलबीर पानू, वेद अग्रवाल, बाली भाटोल, कुलदीप नंबरदार को नियुक्त किया गया है। जेजेपी जिला संगठन सचिव जितेंद्र भ्याना व कार्यालय सचिव मास्टर रणधीर बल्हारा को नियुक्त किया गया है। प्रचार सचिव गुड्डु लहंगेवाला व कोषाध्यक्ष महाबीर सिहाग को नियुक्त किया गया है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजमल काजल, कैप्टन छाजूराम, सतयवान बिछपड़ी, नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजीत, राजेंद्र चुटानी, गुलाब सिंह खेदड़ व जिला प्रवक्ता रवि आहूजा, गौरव सैनी आदि मौजूद रहे।

---

# स्वदेशी संकल्प यात्रा का एचएवी लुवास और आईटीआई में स्वागत

- स्वदेशी संकल्प यात्रा में जब भी बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी लाएंगे नारा गूंजता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



**हिसार।** स्वदेशी संकल्प यात्रा में हिस्सा लेते स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता, विद्यार्थी।

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी विचारधारा की अलख जगाने के लिए शुरू की गई स्वदेशी संकल्प यात्रा का हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) एवं आईटीआई में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी और पत्रक वितरित करके स्वदेशी व स्थानीय उत्पादों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हकृवि के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने स्वदेशी संकल्प यात्रा की प्रशंसा करते हुए स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रचार में अपना-अपना योगदान देने का आह्वान किया। रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार, मनोनीत पार्षद गगन शर्मा, सुरेश जांगड़ा, रामचंद्र गुप्ता, सुनील वर्मा, नितिन कुमार, राजेश अरोड़ा, सत्यवान पानू व राजेंद्र कुमार बिडलान ने भी इस यात्रा की सराहना की।

---

# कांग्रेस ने "वोट चोर, गद्दी छोड़" पर चलाया हस्ताक्षर अभियान



**हिसार।** परिजात चौक पर धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

- सत्ता में बने रहने के लिए लोकतंत्र की हत्या कर रही भाजपा

ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को परिजात चौक पर "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। ग्रामीण प्रधान बृज लाल बहबलपुरिया ने की। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने वोट चोरी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाज़ी की और हस्ताक्षर कर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर ज़िला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सत्ता में बने रहने के लिए लोकतंत्र की हत्या की है। मतदाता सूचियों में धांधली कर वोट चोरी की साज़िशें रची जा रही हैं।

---

# अग्रोहा धाम को रेलवे लाइन से जोड़कर अपने वायदे को पूरा करें सरकार : गर्ग

- अग्रोहा के विकास के लिए टेक्सटाइल हब व इंडस्ट्रीज जोन बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। आदमपुर



**आदमपुर।** समाज की प्रतिनिधियों को संबोधित करते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग। फोटो :हरिभूमि

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में अग्रवाल समाज की मीटिंग रेस्ट हाउस में हुई। मीटिंग में समाज की समस्याओं पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार हिसार-अग्रोहा- सिरसा को रेलवे लाइन से जोड़ने का काम करना चाहिए जबकि केंद्र सरकार द्वारा अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने की घोषणा अनेक बार की गई है।

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर अग्रोहा धाम आदमपुर महिला इकाई की प्रधान करिश्मा गोयल व युवा इकाई के उप प्रधान दिनेश गर्ग व प्रचार सचिव नरेश गोयल को बनाया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के प्रधान घिसा राम जैन, गौरव सिंगला, अमित गोयल, दिनेश गर्ग, नरेश गोयल, मुकेश गोयल, सुशील अग्रवाल, किशन गर्ग आदि मौजूद रहे।*

---

# तिरुपति में किया वेंकटेश का अभिषेक, निकाली शोभा यात्रा



- फूल मालाओं से किया भगवान वेंकटेश का श्रृंगार, जयघोष के साथ निकाली सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

उत्तर व दक्षिण भारतीय संस्कृति को एकसूत्र में बांधने में विशिष्ट भूमिका निभाने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान वेंकटेश की सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। विधि-विधान से भगवान वेंकटेश का अभिषेक किया। मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकटेश और माता लक्ष्मी व माता भूदेवी के चल विग्रह को रथ में स्थापित पालकी में विराजमान किया गया। फूलों से निर्मित मालाओं से भगवान वेंकटेश, माता लक्ष्मी व माता भूदेवी का श्रृंगार किया गया। बहुरंगी छत्र से पालकी की शोभा और भी बढ़ गई। इस सवारी शोभा यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

सवारी शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के जयघोष करते रहे। विशेष बात यह रही कि भक्तों ने हाथों से रथ को खींचकर अपनी आस्था जताते हुए धाम की परिक्रमा की।

---

## गोरखनाथ महाविद्यालय में तीन दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशाप का समापन

# अनुपयोगी सामान से बनाई आकर्षक और जीवन उपयोगी वस्तुएं

### 26 को एनवायरमेंट अवेयरनेस डे लांग बाजार



**हिसार।** आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का अवलोकन करते प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

गुरु गोरखनाथ जी गवर्नमेंट कॉलेज में उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय के दिशा निर्देशानुसार 26 सितंबर को लगने वाले /"एनवायरमेंट अवेयरनेस डे लांग बाजार/" कार्यक्रम के तहत कॉलेज में तीन दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक डॉ. राजेश जांगड़ा, डॉ. गीता जांगड़ा व अंजू काजला के निर्देशन में अनेक प्रकार की अनुपयोगी वस्तुओं को प्रयोग में लाकर आकर्षक पेंटिंग, फ्लावर पॉट, पेन स्टैंड ,वॉल हैंगिंग ,बोतल डिजाइनिंग , कॉर्नर स्टैंड , लिपन आर्ट, मार्बल आर्ट, पक्षियों के लिए घोसला डिजाइनिंग इत्यादि कई तरह की कलाओं के माध्यम से आकर्षक व उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करके सभी को आश्चर्यचकित किया। इस कार्यक्रम के पैटर्न एवं प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने वर्कशाप का अवलोकन किया। इसके साथ ही बच्चों के द्वारा तैयार किए गए पार्क व पौधरोपण का मुआयना कर बच्चों व संबंधित प्राध्यापकों, ईवीएस और इको क्लब को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप के माध्यम से इन बच्चों ने दिखा दिया है कि कचरे के सामान से कई खूबसूरत और उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जैसे प्लास्टिक बोतलों से लैंप, चम्मच से फूलदान, और पुराने कपड़ों से सजावटी सामान।

#### 90 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

*कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनोज कुमार जांगड़ा ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय की ओर से यह एक बेहतरीन प्रयास है। इस वर्कशॉप में 90 से ज्यादा बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और इसके बाद अपने द्वारा तैयार की गई इन कलाकृतियों का 26 सितंबर को लगने वाले बाजार में प्रस्तुत करेंगे। बाजार में कॉलेज के बच्चों के अलावा कोई भी आम नागरिक भाग लेकर इन सुंदर कलाकृतियों को खरीद भी सकता है। आयोजन सचिव डॉ. पूनम यादव ने कहा कि ऐसे में हम सब बेकार चीजों को एक नया रूप देकर अपनी रचनात्मकता बढ़ा सकते हैं।*

---

# सभा ने मेयर और पूर्व मेयर को दिया निमंत्रण

- श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा का 2 अक्टूबर को मुल्तानी चौक पर मनेगा दशहरा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से 2 अक्तूबर को सायं 5 बजे 77वां दशहरा महोत्सव मिल रोड़ स्थित नई सब्जी मंडी के प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। रामलीला सभा के सदस्यों ने दशहरा महोत्सव में मुख्यातिथि के रुप में आने के लिए नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली व पूर्व मेयर गौतम सरदाना को उनके निवास पर जाकर निमंत्रण पत्र दिया। निमंत्रण देने वालों में सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़, महासचिव ओमप्रकाश असीजा, कोषाध्यक्ष भीमसैन नारंग, जितेन्द्र भारती, महेन्द्र टुटेजा, सुरेन्द्र बजाज, हरबंस मदान, हरिकृष्ण खन्ना, संजय सेहरा आदि शामिल रहे। दोनों अतिथियों ने सहर्ष दशहरा महोत्सव में आने की स्वीकृति दी।

**खुली बोली**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ईशरहेड़ी तहसील बरवाला जिला हिसार के लाचू वाला तालाब व ईशरहेड़ी तालाब में मछली पालन हेतु पट्टे की बोली 8 वर्षो हेतु 30 सितम्बर, 2025 को प्रातः 11 बजे ग्राम सचिवालय ईशरहेड़ी में होगी। जिसकी सिक्योरिटी राशि 50000/-(पचास हजार रुपए) प्रति तालाब होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

नोटः ईशरहेड़ी वाला तालाब एससी के लिए रिजर्व है।

राजबीर
ग्राम सचिव
ईशरहेड़ी
मोबाइल नं.98123-83493

सोनू कुमार सरपंच
ग्राम पंचायत ईशरहेड़ी
मोबाइल नं. : 97290-14096

## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर में नवरात्रों पर माता की चौकी 27 को

**हिसार।** श्रीशिव मंदिर ट्रस्ट, एम.सी. कॉलोनी के तत्वाधान में शिव मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि नवरात्रों के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण में 27 सितम्बर को सायं 7 बजे माता की चौकी लगाई जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रामअवतार अग्रवाल ने बताया कि भजन गायक राजेन्द्र काका व वंदना अरोड़ा गांधी माता का गुणगान करेंगे। नवरात्रों के पहले दिन 22 सितम्बर को भक्तों द्वारा मंदिर में सैंकड़ों अखण्ड ज्योतें जलाई जाएंगी। बैठक में रामनिवास गोयल आदमपुरिया, संजय गोयल, अनिल बंसल, सीताराम, कैलाश रानी, राकेश गर्ग, राजेश सैनी, चंद्रप्रकाश, सुरेन्द्र जैन, कमल मेहता आदि भी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 25 को

**हांसी।** स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आगामी 25 सितंबर को जगदीश कॉलोनी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। विधायक विनोद भयाना इस विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करेंगे। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राहुल बुद्धिराजा ने बताया कि 25 सितंबर को प्रातः 10 बजे प्रारंभ होने वाले इस स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रहेगी। शिविर में पात्र लोग आयुष्मान भारत कार्ड, आभा पहचान पत्र, निक्षय आईडी बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर शुगर जांच, गैर संचारी रोगों की जांच, हीमोग्लोबिन जांच, दांतों से संबंधित रोगों की जांच करवा सकते हैं।

### गुजवि में होने वाली एथलेटिक्स चैम्पियनशिप अब किरमारा में

**हिसार।** एथलेटिक्स हिसार द्वारा 21 सितम्बर को आयोजित होने वाली जिला जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप जो गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार में होने वाली थी, वो अब गांव किरमारा के स्टेडियम में आयोजित होगी जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर हिसार के मेयर प्रवीण पोपली शिरकत करेंगे। एथलेटिक्स हिसार महासचिव मनोज कड़वासरा और वरिष्ठ सह सचिव राजू कनोह ने बताया कि मुख्यमंत्री के यूनिवर्सिटी आगमन के कारण प्रतियोगिता का आयोजन स्थल बदलना पड़ा। उन्होंने बताया कि बाकी का शेड्यूल वैसा ही रहेगा।

### जन मानस सेवा समिति का मेडिकल कैंप आज

**हिसार।** जन मानस सेवा समिति के द्वारा 21 सितंबर को पुरानी सब्जी मंडी चौक के पास स्थित सरकारी मिडल स्कूल में सुबह मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप में सर्वेश हेल्थ सिटी हस्पताल के डॉ. उमेश कालरा एवं टीम अपनी सेवाएं देंगे। कैंप में बीएमडी, एचबी, ब्लड शुगर, ईसीजी की जांच निःशुल्क की जाएगी एवं दवाइयां भी निःशुल्क दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर प्रवीण पोपली, नगर पालिका फतेहाबाद के चेयरमैन राजेंद्र खींची, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, भाजपा नेता रतन सैनी रहे।

## प्रत्येक जिले से दो प्रगतिशील किसानों को मिलेगा सम्मान

# कृषि मेला रबी में सीएम आज करेंगे प्रदेश के 42 किसानों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 21 सितंबर से दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान प्रदेश के 42 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने बताया कि कृषि और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 42 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें कृषि मेले में सम्मानित किया जाएगा।

**प्रगतिशील किसानों ने मछली पालन, प्राकृतिक खेती,कटाई सिलाई आदि को बढ़ावा दिया**

### इन प्रगतिशील किसानों को मिलेगा सम्मान

सम्मानित किए जाने वाले इन किसानों में जिला करनाल के गांव बुटाना, नीलोखेड़ी से नीरज चौधरी, बलहैड़ा से बिल्लों, पलवल के गांव ककराली से रामबीर सिंह, स्यारौली, हथीन से भतेरी, कुरूक्षेत्र के गांव भौरसैयदा से मलूक सिंह, बीड़ मठाणा से पूजा सैनी, नूंह के गांव जाजुका से मदल लाल, संगेल से हेमलता, फतेहाबाद के गांव ढाणी मघावली, रतिया से रमेश चौहान, बनमन्दोरी, भट्टू से देवकी, झज्जर ग्रामीण से सुंदर सिंह, कासनी से किरण, अंबाला के गांव हलदारी से शमशेर सैनी, बलाना से रेखा रानी, हिसार के रावलवास खुर्द से कृष्ण, खांडा खेड़ी से नीरू, आदमपूर से दलीप सिंह, सिरसा के गांव नागोकी से गुरदीप, ओढां से सर्वजीत कौर, भिवानी के गांव बलियाली से अनूप, ढाणी जंगा से राजकुमारी, सिवानी से निर्मला बादल, यमुनानगर के गांव टपड़ापुर से जसवंत सैनी, पर्वालों, जगाधरी से अनीता, रोहतक के गांव भाली आनन्दपुर से जय भगवान सहारण, लाखन माजरा से सुंदर देवी, पानीपत के हथवाला, समालखा से नीरज त्यागी, पलड़ी इसराना से सुमन, महेन्द्रगढ़ के गांव खातोदड़ा से स्वर्ण सिंह, बवानिया से रेनू यादव, जींद के गांव पोली से संदीप, दोहला से अमन, रेवाड़ी के गांव मसानी से दयाचंद यादव, खिजुरी से कविता, कैथल के गांव सांच से कुलवंत सिंह, रसीना से कैलाशो देवी आदि होंगे सम्मानित।



हिसार। विवि अधिकारियों के साथ तैयारियां का जायजा लेते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटोः हरिभूमि

### इन क्षेत्रों में किया है महत्वपूर्ण कार्य

इन प्रगतिशील किसानों ने मछली पालन, प्राकृतिक खेती,कटाई सिलाई, फसल अवशेष प्रबंधन, साइलेज, डेयरी, समन्वित कृषि विकास, गन्ने की नकदी फसल, हस्तकला एवं वस्त्र सज्जा, दुग्ध उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि में विविधीकरण, अन्नपूर्णा आजीविका रसोई, पशुपालन, स्वयं सहायता समूह, एकीकृत कृषि प्रणाली, सब्जी बीज उत्पादन, जूट बैग, फास्ट फूड, फसल विविधीकरण, कपड़ा छपाई एवं सिलाई कढ़ाई, संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकियां, मोटे अनाज का खाद्य प्रसंस्करणआदि क्षेत्रों में कमाया नाम।

### हकृवि में नवनिर्मित महिला छात्रावासों का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री

- नव निर्मित मेला ग्राउंड व दो महिला छात्रावासों पर आई 15 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 21 सितंबर को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 15 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित मेला ग्राउंड व दो महिला छात्रावासों का उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी कृषि मेला (रबी) की तैयारियों का जायजा लेते हुए दी। उन्होंने मेला स्थल पर तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मेले में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा तथा नलवा से विधायक रणधीर सिंह पनिहार भी मौजूद रहेंगे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय में दो महिला छात्रावासों का निर्माण किया गया है। कल्पना चावला गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण कार्य पर 5 करोड़ 21 लाख रुपए की धनराशि खर्च की गई है।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित ट्रैफिक पुलिस प्रभारी धर्मचंद, स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना व कर्नल डीवी नेहरा। फोटोः हरिभूमि

## सड़क पार करते समय रखें ध्यान

# रॉयल स्कूल में सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

- बच्चों को सड़क सुरक्षा से जुड़े चेतावनी संकेतों, अनिवार्य संकेतों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में जिला ट्रैफिक पुलिस प्रभारी सब इंस्पेक्टर धर्मचंद द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा ने विद्यालय परिसर में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सब इंस्पेक्टर धर्मचंद ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से जुड़े चेतावनी संकेतों, अनिवार्य संकेतों तथा सूचना संकेतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि सड़क पर चलते समय इन संकेतों का पालन करना हम सबकी सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

### किया प्रेरित

स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करना हमारे जीवन की सुरक्षा के लिए अति आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. ज्योत्स्ना ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों को न केवल ज्ञान प्रदान करती हैं, बल्कि उन्हें अनुशासनप्रिय और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करती हैं। कर्नल नेहरा ने जिला ट्रैफिक पुलिस प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

# सुरेन्द्र उप अधीक्षक पद पर पदोन्नत

- सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

योग साधना तथा कवि-हृदय से ओतप्रोत सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी को दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में उप अधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्हें मिटरिंग और संरक्षण सर्कल हिसार के अधीन कार्यालय कार्यकारी अभियंता मीटरिंग एवं संरक्षण मण्डल विद्युत नगर हिसार में नियुक्त किया गया है। उनके साथ बुधराम, हरिकेश कुमार व राजेश कुमार को भी फ़तेहाबाद, फ़रीदाबाद व गुरुग्राम सहित विभिन्न सर्कलों में पदस्थापना दी गई।



हिसार। पदोन्नति पर सुरेंद्र पानू हिन्दुस्तानी को मिठाई खिलाते हुए। फोटोः हरिभूमि

### सभी का जताया आभार

*इस मौके पर अधीक्षक अनीता, उप अधीक्षक हंसराज व सज्जन कुमार, मोहनलाल उपमंडल अधिकारी हांसी सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी, सामाजिक संगठन तथा गणमान्य व्यक्तियों ने हिन्दुस्तानी को पदोन्नति की बधाई दी। सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल मेरी व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि हम सबकी सांझी सफलता है। आपका विश्वास और साथ ही हमारी असली शक्ति है।*

# ज्ञान का सिद्धांत पर कार्यशाला आयोजित

- श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्त्वाधान में ज्ञान का सिद्धांत विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में स्कूल के 60 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भागीदारी करते हुए अपने ज्ञान को समृद्ध किया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में शालू मेहता एवं कमल लोहिया ने शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीक से अवगत कराते हुए शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं रोचक बनाने के सूत्र साझा किए। इस कार्यशाला में शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और गहन चर्चा में शामिल होकर अपने ज्ञान का विस्तार किया। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने दोनों रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



हांसी। ज्ञान का सिद्धांत कार्यशाला में भाग लेते श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल के अध्यापक। फोटोः हरिभूमि

### किया प्रेरित

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षक तभी श्रेष्ठ कहलाता है जब वह स्वयं निरंतर सीखने की प्रक्रिया में आगे बढ़े और विद्यार्थियों को समयानुकूल शिक्षा प्रदान करें। ज्ञान का सिद्धांत शिक्षकों के लिए प्रेरक शिक्षण सत्र रहा। यह कार्यशाला शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार पर केंद्रित रही।

# अदालत के फैसले का आम आदमी पार्टी ने स्वागत किया

- प्राइवेट बस संचालकों द्वारा की जाने वाली मनमानी से कोर्ट के फैसले से लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



राजेन्द्र सोरखी।

आम आदमी पार्टी ने प्राइवेट बसों में छात्राओं के पास मान्य होने के दिए ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है। इस फैसले से प्राइवेट बस संचालकों द्वारा की जाने वाली मनमानी पर अंकुश लगेगा। आप ने 11 सितम्बर को प्राइवेट बसों में पास मान्य न होने, बुजुर्गों से पूरा किराया वसूलने एवं यात्रियों के साथ बदसलूकी किए जाने के विरोध में पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी के नेतृत्व में सिटी मैजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इस गंभीर समस्या को दूर करने के लिये तुरंत ठोस कदम उठाने की मांग की थी। आप पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि हाईकोर्ट का हवाला देकर लोगों को भ्रम की स्थिति पैदा की गई। स्थानीय अदालत में कुछ छात्राओं की याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान असलियत का पता चला और अदालत ने आदेश दिया कि निजी बसों में भी छात्राओं के बस पास मान्य होंगे।

# स्वयंसेवकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

- महाविद्यालय के महात्मा हंसराज हॉल में एक विशेष एक दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

दयानन्द महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा शनिवार को महाविद्यालय के महात्मा हंसराज हॉल में एक विशेष एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से सेवा पखवाड़ा उत्सव, राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस समारोह, स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया गया।



हिसार। विजेता प्रतिभागी प्राचार्य डॉ.विक्रमजीत व स्टाफ सदस्यों के साथ।

### हौसला बढ़ाया

शिविर के आयोजन में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स चेतन शर्मा, डॉ. छवि मंगला, डॉ. इंद्रजीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रेनू राठी तथा डॉ. सुरुचि शर्मा ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारियों ने प्रतिभागियों एवं विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# नूर मोहमद समेत जिले के छह कर्मी बने स्वास्थ्य निरीक्षक

- हिसार से 6 एमपीएचडब्ल्यू को पदोन्नति का लाभ प्राप्त हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

**60 एमपीएचडब्ल्यू कर्मियों की पदोन्नति सूची जारी**

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक द्वारा जारी 60 एमपीएचडब्ल्यू कर्मियों की पदोन्नति सूची जारी कर उन्हें नए नियुक्ति स्थान पर बहुद्देशीय स्वास्थ्य निरीक्षक/हैल्थ इंस्पैक्टर के पद पर ज्वाइनिंग करने के आदेश दिए गए हैं। हिसार जिले से 6 एमपीएचडब्ल्यू को पदोन्नति का लाभ प्राप्त हुआ है जिसमें पीएचसी न्यौली कलां पर कार्यरत नूर मोहमद को सीएचसी सीसवाल, पीएचसी सातरोड के दीपक को पीएचसी अग्रोहा, प्रेम मलिक पीएचसी उमरा से तलवंडी रूक्का, हरिकेश को भोजराज से पीएचसी न्यौली कलां, ललित इंदौरा को सीएचसी उकलाना को पीएचसी दौलतपुर और जगमेंद्र सिंह को सातरोड खास से पीएचसी खैरातीखेड़ा, सीएचसी भट्टू कलां में नियुक्ति दी गई है।



नूर मोहमद, स्वास्थ्य निरीक्षक।

### सेवा ही पखवाड़ा के तहत किरतान में पौधरोपण




**हिसार।** गांव किरतान में सेवा ही पखवाड़ा के तहत पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान एवं मेरा युवा भारत हिसार के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस दौरान से स्कूल के सामने खाली जगह में पौधरोपण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पहले सुरक्षा करो फिर पेड़ लगाओ। पौधों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करके ही पौधरोपण करें ताकि वे बढ़े और पर्यावरण को सुरक्षित बना सकें। इस मौके पर क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने कहा कि आज हमें पर्यावरण संरक्षण पर बहुत जरूरी ध्यान देना है। इस पखवाड़ा में मेरा युवा भारत हिसार के बच्चे हर गांव में जाकर पौधा रोपण करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**आर्थिक मदद** | बाढ़ प्रभावित मिर्जापुर गांव के 210 परिवारों के लिए राहत सामग्री भेजी

**सेवा पखवाड़ा के तहत गुजविं की विशेष पहल का किया स्वागत**

# मिर्जापुर गांव के 210 बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए भेजी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने शनिवार को एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक पहल को मूर्त रूप दिया। विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विश्वविद्यालय परिवार द्वारा एकत्रित सहयोग से राहत सामग्री तैयार कर मिर्जापुर गांव के 210 बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए सहायता गाड़ी को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कुलपति कार्यालय प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनएसएस द्वारा गोद लिए गए मिजार्पुर गांव में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की आवश्यकता को देखते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर सहयोग राशि एकत्रित की और उसे राहत सामग्री के रूप में परिवर्तित किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना ही सेवा पखवाड़ा का वास्तविक उद्देश्य है।



हिसार। गुजवि में मिर्जापुर गांव के बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए सहायता गाड़ी को रवाना करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटोः हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, कुलपति के सलाहकार एचआरएम प्रो. संदीप राणा, कुलपति के सलाहकार प्रशासनिक प्रो. विनोद छोकर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. मुकेश शर्मा, प्रॉक्टर प्रो. अनिल भानखड़, परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला, इंजीनियर विनोद गोयल, मिजार्पुर गांव के सरपंच संजय सोनी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद, डॉ विनीता, डॉ विकास, डॉ सुमित, डॉ शिवानी, डॉ समृद्धि, डॉ मंजू यादव, डॉ साहिल, डॉ हिमांशु, दलबीर एवं नरेश उपस्थित रहे।

### अणुव्रत समिति ने निकाली नशा मुक्त रैली

**हिसार।** अणुव्रत समिति द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाऊन से अणुव्रत नशा मुक्त रैली निकाली। रैली छात्रों द्वारा नशा न करने का संदेश देते हुए चल कर तेरापंथ भवन, माडल टाउन में संम्पन हुई। साध्वीश्री ने छात्रों को नशा न करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की शुरुआत विनोद जैन के अणुव्रत गीत से हुई। समिति द्वारा प्राचार्य को अणुव्रत पटका से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, मंत्री दर्शन लाल शर्मा, डॉ सतेन्द्र सिंह यादव, अनिल जैन, विनोद जैन, इंद्रेश पाण्डेय, राजकुमार सोनी, सुरेश जांगड़ा, प्रेम सिंह, संजीव राजपाल, सुनिल मितल, जयभगवान लाडवाल, डेविड विक्टर, टेकराम बूरा, सुमन सोनी, हरीश कुमार आदि रहे।